विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के 1-गुरूवार हेतु निर्धारित श्री अशोक कुमार, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।

---

| प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|
| 18-(क) | क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-हरदोई के अन्तर्गत कितने सी0एच0सी0 चिकित्सालय ऐसे हैं जिनमें एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगी हैं, परन्तु टेक्नीशियन/ऑपरेटर न होने से उनका संचालन नहीं हो रहा है ? | जनपद हरदोई में छ: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे मशीन तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन स्थापित है। सभी छ: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर एक्स-रे टेक्नीशियन तैनात हैं। अल्ट्रासाउण्ड मशीन के संचालन हेतु शीघ्र जनपद हरदोई में रेडियोलाजिस्ट तैनात किया जायेगा। |
| (ख) | क्या जनपद-हरदोई के अन्तर्गत सी0एच0सी0 में एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगी हैं, परन्तु संचालन हेतु टेक्नीशियन/ऑपरेटर की तैनाती न होने से एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड की जॉच नहीं हो पा रही है, गरीब जनता उक्त जॉच कराने हेतु मंहगी दरों पर प्राइवेट चिकित्सालयों में जॉच कराने हेतु जाने के लिए विवश हो रही है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | क्या जनहित में जिन सी0एच0सी0 में एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीनें नहीं लगी हैं वहाँ एक्स-रे व अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगवाने एवं जहाँ ऑपरेटर की तैनाती नहीं है वहाँ टेक्नीशियन एवं ऑपरेटर की तैनाती कराकर जनता को मूलभूत जॉच की सुविधा मुहैया करायेंगे? | राज्य के संसाधन सीमित हैं। संसाधन की उपलब्धता एवं आवश्यकता के अनुसार चिकित्सालय में उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। चिकित्साधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती एक सतत प्रक्रिया है, जिनकी तैनाती उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज/उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ से प्राप्त संस्तुतियों के उपरान्त की जाती हैं। इसके अतिरिक्त विभाग में रेडियोलाजिस्ट/अल्ट्रासोनोलाजिस्ट की अत्यन्त कमी होने के दृष्टिगत शासनादेश संख्या-2383/चि0-3-2022, दिनांक 30.08.2022 द्वारा पी0एम0एच0एस0 संवर्ग के एम0बी0बी0एस0 डिग्रीधारी चिकित्सकों को प्रशिक्षित किये जाने का प्राविधान किया गया है। |
| (घ) | यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |

ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री।